सूर्य नमस्कार अभियान

चर्चा में क्यों?

26 दिसिंबर, 2022 को हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डॉ. जयदीप आर्य की अध्यक्षता में प्रदेश के मुरथल में ज़िला आयुष विभाग एवं हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्त्वावधान में हुई बैठक में बताया कि आज़ादी की 75वीं वर्षगाँठ के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में 11 जनवरी से 12 फरवरी तक सूर्य नमस्कार अभियान चलाया जाएगा, जिसके लिये 75 लाख सूर्य नमस्कार का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

प्रमुख बिंदु

- डॉ. जयदीप आर्य ने बताया कि सूर्य नमस्कार अभियान का शुभारंभ अंबाला में प्रदेश के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज करेंगे, जबकि समापन सोनीपत के खानपुर कलां के भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में राज्यस्तरीय कार्यक्रम के आयोजन के साथ किया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर शामिल होंगे।
- उन्होंने बताया कि सूर्य नमस्कार की शुरुआत स्वामी विवेकानंद की जयंती (12 जनवरी) के पूर्व दिवस पर की जाएगी और समापन स्वामी दयानंद जयंती (12 फरवरी) पर किया जाएगा। हर व्यायामशाला व हर गाँव में सूर्य नमस्कार का आयोजन करवाने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिये योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा संवर्द्धन समिति का गठन किया जाएगा।
- डॉ. जयदीप आर्य ने बताया कि हरियाणा देश का पहला एकमात्र राज्य है, जहाँ योग को पाठ्यक्रम में अनिवार्य रूप से शामिल किया गया है। पाठ्यक्रम में केवल किताबी ज्ञान ही नहीं, प्रायोगिक रूप को भी महत्त्व दिया गया है।
- उन्होंने योगाचार्यों व योग प्रेमियों का आह्वान किया कि वह योग पर पुस्तकों की रचना कर सकते हैं, जिन्हें पाठ्यक्रम में शामिल किया जा सकता है। चयनित पुस्तक पर रचनाकार को 50 हज़ार रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा, शोधकार्य करने वालों को भी 50 हज़ार रुपए का आर्थिक सहयोग दिया जाएगा।
- उन्होंने बताया कि योग हेतु कुरुक्षेत्र में 20 एकड़ भूमि पर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र की स्थापना की जाएगी, जिसमें एक साथ 2000 व्यक्तियों के लिये योग साधना करने की व्यवस्था रहेगी। साथ ही 200 करोड़ रुपए की लागत से अंतर्राष्ट्रीय केंद्र की स्थापना भी की जाएगी।
- हरियाणा योग आयोग की तरफ से विदेशी भाषा केंद्र भी स्थापित किया जाएगा, जिसमें योग सहायकों को विदेशी भाषा का प्रशिक्षण देकर उन्हें संस्कृति राजदूत बनाकर विदेशों में भेजा जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/surya-namaskar-campaign